


| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 23.2 °c | 9.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# प्रीति कुमार से इडी ने की पूछताछ

**बर्लिन अस्पताल की जमीन मामले में किया गया था समन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रीति कुमार शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय पहुंचीं। बर्लिन अस्पताल की जमीन मामले में इडी ने बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया था। इससे पूर्व पहला समन भेज कर 3 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि प्रीति कुमार ने इडी से समय की मांग की थी। इसके बाद इडी दूसरा समन भेज कर 12 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया।

बता दें कि पांच दिसंबर को इडी के अधिकारी सर्वे करने बर्लिन अस्पताल पहुंच कर अस्पताल की जमीन से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला था। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस को जब्त किया गया। अस्पताल की जमीन का मालिकाना हक प्रीति कुमार के नाम है।

## विष्णु अग्रवाल को मिली जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम के आरोपी रांची के चर्चित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत के लिए यह शर्त रखी है कि उन्हें एक-एक लाख के दो निजी मुचलके ट्रायल कोर्ट में भरना होगा। साथ ही उन्हें अपना पासपोर्ट भी ट्रायल कोर्ट में जमा करना होगा। विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर हाइकोर्ट में 5 जनवरी को सुनवाई पूरी हो गयी थी। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में विष्णु अग्रवाल की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, सुमित गड़ोदिया, अर्पण मिश्रा और ऋषभ कुमार ने बहस की। विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं।

# लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने झारखंड के अफसरों को किया तलब

## सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर 30 जनवरी को बुलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने झारखंड के मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को तलब किया है। इन सभी से 30 जनवरी को पूछताछ होगी। डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु जी ने इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक,



आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव, देवघर के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को पूछताछ के लिए बुलाया है। इन सभी से 30 जनवरी को पूछताछ होगी। इसे लेकर लोकसभा सचिवालय ने आदेश जारी किया है। दरअसल गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार के प्रमुख अधिकारियों को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने झारखंड के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ 'विशेषाधिकार का उल्लंघन' और 'प्रोटोकॉल मानदंडों का उल्लंघन' और झारखंड प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। मामले पर सुनवाई 30 जनवरी को संसद भवन स्थित समिति कक्ष-2 में होगी।

# अधिकारी राज्य सरकार के गैर कानूनी कार्यों के सहभागी नहीं बनें: प्रतुल शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार के अधीन कार्य कर रहे अधिकारियों से अपील की कि वह राज्य सरकार के गैरकानूनी और गलत कार्यों के सहभागी ना बने। प्रतुल ने अधिकारियों से कहा कि अपने रूल बुक के मुताबिक संविधान और देश के कानून के अनुरूप ही कार्य करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के हाल के कार्यों से लगता है कि वह अपना खुद का सीआरपीसी बन चुकी है। मुख्यमंत्री को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश का कानून सर्वोच्च होता है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी ने एक अति आपत्तिजनक पत्र इडी को लिख कर अफसरों को तलब किये जाने के मुद्दे पर जानकारी मांगी है। यह पत्र सीधे तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अवहेलना है। ऐसा प्रतीत होता है कि हेमंत सरकार अब गैर कानूनी रास्तों का सहारा लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे केंद्र सरकार के मुहिम को रोकना चाहती है और अपने चहेते अफसरों को बचाना चाहती है।

# पूर्व एसपी ने देवघर डीसी की टिप्पणियों का किया खंडन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेरी वार्षिक रिपोर्ट में की गयी टिप्पणियां सरासर गलत : एससी जाट**

**रांची।** आइपीएस अधिकारी सुभाष चंद्र जाट ने देवघर के डीसी द्वारा की गयी टिप्पणियों को सरासर गलत और दुर्भावना से प्रेरित करार दिया है। वर्तमान में दिल्ली में सीबीआइ एसपी के पद पर तैनात जाट ने इस बारे में झारखंड के गृह, आपदा प्रबंधन और कारा विभाग के अपर मुख्य सचिव को इस बारे में एक पत्र भेजा है। पत्र में लिखा गया है कि 2022-23 के लिए जाट की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) में रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा की गयी टिप्पणियां गलत, दुर्भावना से प्रेरित और आधारहीन हैं। आइपीएस अधिकारी ने लिखा है कि ये टिप्पणियां अखिल भारतीय सेवाओं के नियम के प्रावधानों के विपरीत हैं। बता दें कि किसी जिले के एसपी के रिपोर्टिंग अधिकारी उस जिले का डीसी होता है।

आइपीएस अधिकारी ने लिखा है कि उनके रिपोर्टिंग अधिकारी ने उनकी एपीएआर में जो भी टिप्पणियां की हैं, वे तथ्य से परे हैं। जाट ने रिपोर्ट में की गयी हरेक टिप्पणी का उदाहरण के साथ खंडन किया है। उन्होंने लिखा है कि चितरा कोलियरी के सुरक्षा प्रभारी रूपेश मिश्रा की गिरफ्तारी हो या देवघर में एक कारोबारी पर हमले के दौरान उनके दो सरकारी अंगरक्षकों की मौत या फिर कोई अन्य मामला, रिपोर्टिंग अधिकारी ने तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए टिप्पणी कर दी है। आइपीएस अधिकारी ने आरोप लगाया है कि कई मामलों में तो रिपोर्टिंग अधिकारी अपने हिसाब के कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाते थे, जिसे नहीं मानने के कारण उन्होंने विपरीत टिप्पणी की कर दी। जाट ने अपने पत्र में लिखा है कि जिले में अवैध खनन और दूसरे अवैध कारोबार पर उनके कार्यकाल में सख्ती से नियंत्रित किया गया। इस दलील के समर्थन में उन्होंने दो वर्ष का आंकड़ा भी दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि 2017-18 से 2022-23 तक हर साल उनकी वार्षिक रिपोर्ट में उनके कार्य निष्पादन की तारीफ की गयी, लेकिन यह पहला मौका है, जब उनके कामकाज के प्रतिकूल टिप्पणी की गयी है। जाट ने रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा की गयी तमाम टिप्पणियों को खारिज करने का आग्रह किया है।

# उठो, जागो और तब तक मत रुको...

**आर्यभट्ट सभागार में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद संगोष्ठी का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आर्यभट्ट सभागार में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन रांची विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्र प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। बतौर अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत और हमारा अभी एकमात्र लक्ष्य है 2047 तक विकसित भारत का निर्माण। हम सब इस कार्य में लगे हुए हैं। युवाओं को विकसित भारत के लिए काम करने की शपथ दिलायी। मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि भारत आजाद तो हुआ, परंतु आज भी हम गुलामी की मानसिकता में जी रहे हैं। युवाओं से आह्वान करता हूं कि 2047 तक हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जहां सब कुछ भारत का ही हो। जब सब कुछ भारत का ही होने की बात आती है, तो हमें प्राथमिकता के साथ प्रधानमंत्री के स्लोगन वोकल फॉर लोकल को अपने दैनिक जीवन में अपनाना होगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुलामी के प्रतीक कई कानून को समाप्त किया है। बहुत जल्द अन्य ऐसी गुलामी के प्रतीक कानून को समाप्त किया जाये, ताकि भारत पुनः भारत बन सके। इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने कहा कि भारत के संविधान ने संस्कृत और हिंदी को अनिवार्य करने की बात कही है, परंतु कालांतर की सरकारों ने इसे भुला दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने की। कार्यक्रम में पत्रकार बैजनाथ मिश्र, नेहरू युवा केंद्र की राज्य प्रमुख हनी सिन्हा, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, रांची के पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, राष्ट्र प्रथम के संयोजक चंद्रकांत रायपत मौजूद रहे।

# युवा शक्ति से ही राज्य के नवनिर्माण का संकल्प पूरा होगा : सुदेश महतो

## कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य की जनता सरकार की गलत नीति से हताश और निराश है। इन्होंने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। राज्य में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता है, जो नवीन सोच और सकारात्मक नेतृत्व से ही संभव है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव से आये कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि युवा शक्ति से ही राज्य के नवनिर्माण का संकल्प पूरा होगा। बड़कागांव समेत पूरे राज्य की जनता के हित के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। जनता के लिए काम करने का सबसे सशक्त प्लेटफार्म है आजसू पार्टी।



**इन्होंने ली सदस्यता**

महेश महतो, देव नारायण राणा, संतोष साव, अमृत साव, सुरेश साव, छोटेलाल कुमार, रोहित कुमार, ललन कुमार दास, किशोर साव, धीरेंद्र साव, राजकुमार साव, दशरथ कुमार दास, जुगेश्वर कुमार साव, कृष्णा साव, दीपक साव, चिंतामन कुमार, बसंत महतो, दीपक रविदास, विनोद दास, सुरेश साव, सूरज साव, पप्पू कुमार समेत कई लोगों ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की।

# श्रीराम को नकारने वाले भारत नहीं जोड़ सकते:दीपक प्रकाश

**लवकुश रथ को सांसद ने किया रवाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय से लवकुश रथ को रवाना किया। रथ कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में निकाला गया है। इसके माध्यम से पूरे प्रदेश में अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा के अवसर पर अक्षत निमंत्रण वितरण किया जायेगा। श्री प्रकाश ने रथ को झंडा दिखाकर रवाना किया। कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त हो रही है। आज पूरा सनातन समाज रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित है। गौरव का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुशवाहा महासभा ने रथ के माध्यम से रामकाज में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सराहनीय कार्य किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को नकारे जाने पर कहा कि राम भारत की पहचान है। राम को नकारने की फितरत कांग्रेस के इतिहास में है। कांग्रेस पार्टी भारत को तोड़ने वाली पार्टी है। राम को नकारने वाले भारत को कभी नहीं जोड़ सकते। विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि कुशवाहा समाज लव-कुश का वंशज है। आज जब भगवान राम 500 वर्षों के बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे, यह समाज के लिए गौरव का क्षण है। कहा कि पूरे प्रदेश में आठ रथ निकाले जा रहे हैं, जिसके माध्यम से गांव-गांव में निमंत्रण अक्षत का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, अविनेश कुमार सिंह, अशोक बड़ाइक, रंजीत चंद्रवंशी, राहुल अवस्थी आदि उपस्थित थे।

# राजधानी में राम कथा की ज्ञानवर्षा आज से

## हरमू मैदान में तैयारी पूरी, 4000 लोगों के बैठने की व्यवस्था




**पौधरोपण किया, ब्लड डोनेशन कैंप भी लगा**

शुक्रवार को पंडित विजय शंकर मेहता, सांसद समीर उरांव ने पौधारोपण किया। साथ ही स्वछता अभियान में शामिल हुए। विजय शंकर मेहता के सानिध्य में प्रातः 8.30 बजे से वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और दोपहर 12.30 बजे से ब्लड कैंप का भी शिविर लगाया गया। इसमें मुख्य रूप से राकेश भास्कर, प्रमोद सारस्वत, सुरेश सिंह, अरुण कुमार झा, इंद्रजीत यादव, नवीन झा समेत अन्य शामिल थे।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के हरमू मैदान में 13 जनवरी से 21 जनवरी 2024 तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन श्री हनुमान सेवा संस्थान और श्री राम कथा आयोजन समिति की ओर से किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश भास्कर ने बताया कि 13 जनवरी को होने वाले श्री राम कथा की पूरी तैयारी हरमू मैदान में हो गयी है। 21 जनवरी तक महामंडलेश्वर स्वामी डॉ उमाकांतानंद सरस्वती श्री राम कथा का व्यासपीठ से श्रोताओं को अमृत पान करायेंगे। आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि कथा वाचक महाराज के मुखारविंद से 9 दिनों तक राज्य के सभी धर्मप्रेमियों को श्री राम कथा के रसपान का अमृत पान प्राप्त होगा।

भास्कर ने बताया कि दोपहर एक बजे हरमू मैदान के नजदीक हाइकोर्ट मंदिर से 500 महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जायेगी, जो हरमू मैदान कथा स्थल पहुंचेगी। श्री राम कथा के भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए रांची के विभिन्न संस्थाओ को आमंत्रित किया गया है। कथा स्थल पर विशाल पंडाल बन कर तैयार है। इसमें 4000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था है। पंडाल के अंदर लाइट की सुविधा के संग कुर्सियों की व्यवस्था है। पेयजल व्यवस्था, चरण पादुका व्यवस्था, शौचालय की गाड़ी, प्रतिदिन प्रसाद वितरण के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी समिति के द्वारा रखा गया है।

अध्यक्ष राकेश भास्कर, राज किशोर सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद सारस्वत ने रांची के सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं सहित सभी धर्मप्रेमियों से इस कथा में सपरिवार हरमू मैदान पहुंच कर श्री राम कथा की अमृत वर्षा का रसपान करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक सरयू राय, सीपी सिंह, समीर उरांव, हरिनारायण सिंह, अखिलेश पांडेय हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राकेश भास्कर, संरक्षक राज किशोर सिंह, प्रमोद सारस्वत, सुरेश सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, वीरेंद्र कुमार सिंह, अजय सिंह, स्वामी विमलेश सिंह, रामचंद्र जयसवाल, इंद्रजीत यादव, नवीन झा, अरुण कुमार सिंह, प्रेम मित्तल, मुकेश पांडेय, प्रेम मित्तल, गोपाल सोनी, केके गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग लगे हुए हैं।


## महत्वपूर्ण खबरें

### विहिप ने प्रिंस अजमानी को दिया निमंत्रण



रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल के झारखंड प्रवास के क्रम के बजरंग दल विभाग संयोजक प्रिंस अजमानी से मुलाकात की। साथ ही श्री राम की नगरी अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत निमंत्रण दिया। 22 जनवरी को हो रहे कायर्कम पर श्री राम जन्मभूमि में होने वाले महत्वपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस बाबत कई महत्वपूर्ण योजना बनी। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल, प्रिंस अजमानी, विहिप के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रचार प्रांत सह प्रमुख प्रकाश रंजन, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर मंत्री चंद्रदीप दुबे, दीपक साहू, ब्रजेश कुमार, कौशल मित्तल, विशाल रघुवंशी, ने विहिप द्वारा भेजे गये सार्वजनिक आमंत्रण भी जारी किया। विहिप प्रदेश महामंत्री देवी और रंगनाथ महतो ने बताया कि रामलला का निमंत्रण लगभग 51 लाख लोगों तक पहुंचाने का कार्य झारखंड विहिप ने लक्ष्य रखा है।

### आरटीसी स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मना




रांची (आजाद सिपाही)। आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो द्वारा दीप जलाकर एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में वाद-विवाद, निबंध, भाषण एवं चित्रकला, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर सुजल शर्मा, मैथली सिंह, कुमारी दीपशिखा, प्रीति भोगता, आलोक कुमार महतो और क्विज में यमुना हाउस के आशीष, तन्नू, प्रीति अमन बेली आदि रहे। सभी को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आनंद प्रसाद, सुरेश महतो, भुनेश्वर, घासी राम, उमेश मंडल एवं शिक्षिका स्नेहा शालनी, पुतुल नीलू, गायत्री, मधु ममता, कुसुम कुमारी, अंजलि टोप्पो एवं कल्याणी कुमारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सुमंत कुमार ने किया।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता



रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आइक्यूएसी सेल के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय था- मानव सेवा के संबंध में स्वामी विवेकानंद के विचार। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में अभय कंठ, कंपनी सेक्रेटरी, एचइसी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति युवा वर्ग पर निर्भर है। चरित्रवान, आध्यात्मिक, कौशल युक्त एवं शारीरिक रूप से सुदृढ़ व्यक्ति ही भारत को विकसित राष्ट्र बना सकता है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यता (संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन) को दिया गया। द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से प्रिया कुमारी (बेथेसदा महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय), दीपेंद्र कुमार (शाहिद शेख भिखारी बी।एड कॉलेज) एवं संजना तिर्की (संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग) को दिया गया। तृतीय पुरस्कार आयुषी आकृति सॉय:(बेथेसदा महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय) को दिया गया। संस्थान की निदेशिका डॉ। रश्मि ने कहा कि युवा वही है, जो निरंतर अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर है।

### रामलला आयेंगे, घर-आंगन हम सजायेंगे



रांची (आजाद सिपाही)। रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने अलग-अलग माध्यमों से झारखंड के सभी मंदिर के पुजारी, ब्राह्मण संगठनों और कर्मकांडी विद्वान ब्राह्मण पंडितों से निवेदन किया है कि अयोध्या में रामलाल के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समय 22 जनवरी को भव्य तरीके से अपने-अपने मंदिरों के साथ आग्रह पूर्वक समाज को भी प्रेरित और उत्साहित करें। समाज के लोग अपने अपने घरों को सजा विधिवत श्री राम का पूजन कर, शंख ध्वनि से प्रभु श्री राम के आगमन का स्वागत करें।

### छात्र परिषद ने मनायी विवेकानंद की जयंती



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड छात्र परिषद की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती ज्योति पब्लिक स्कूल बड़ा तालाब में मनायी गयी। इस अवसर पर झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, समाजसेवी शंकर दुबे उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने झारखंड छात्र परिषद के सदस्यों से स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गयी। साथ ही उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर गोपाल पारिख, लंकेश सिंह, ज्योति शंकर साहू, पीयूष आनंद, साहिल कुमार, सुमित साहू, राकेश सिंह, नवनीत पांडेय, साहिल, अभिषेक कुमार, सौरभ कुमार, अमन, अर्जुन, निशांत, विक्रम साहू, पिंटू तिवारी, रोहित शर्मा, टिंकू महतो, सोनू भारद्वाज सहित अन्य शामिल थे ।

### सीसीएल ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



रांची (आजाद सिपाही)। नगरी बस्ती बुकरू में सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र की ओर से नि:शुल्क चर्म रोग सहित अन्य बीमारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 142 लोगों की जांच की गयी। शिविर में विशेषकर हाइपरटेंशन, कुष्ठ रोग, आंख की जांच की गयी। इसमें 60 लोगों का शुगर और 42 लोगों के हिमोग्लोबीन की भी जांच की गयी। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस सीसीएल डॉ रत्नेश जेन, सीएमएस मयूरी भट्टाचार्य, प्रीती तिग्गा, डॉ शशिकांत प्रसाद, डॉ अनिता होरो, डॉ अंबरीश कुमार, डॉ अंकुर, डॉ पायल, डॉ शिखा, कमलेश पंडित, मुन्ना कुमार सिंह, हरमन खलखो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### सरस्वती शिशु मंदिर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनी



रांची (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की सलाह दी। विद्यालय के आचार्य मनीष गौतम, पवन तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सभी के आदर्श हैं। विद्यालय के प्राचार्य ललन ने कहा कि वे स्वामी विवेकानंद की जीवनी को अवश्य पढ़े। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद पहले ऐसे संन्यासी थे, जिन्होंने धर्म को जीवन से जोड़ा, समाज और राष्ट्र से जोड़ा। इस अवसर पर विद्यालय में प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### गुणवत्ता के साथ अनुशासित होकर लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें : डॉ शांडिल्य



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस चयन प्रक्रिया को आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा संचालित किया गया। इसके तहत कंपनी के द्वारा ग्रुप डिस्कसन और इंटरव्यू के माध्यम से 10 विद्यार्थियों का चयन आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल इंश्योरेंस के लिया किया गया। इसके अंतर्गत 6 विद्यार्थी कॉमर्स संकाय के और 4 बीबीए पाठ्यक्रम से चयनित हुए। इस कैंपस ड्राइव पर विवि के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य का कहना है कि यह काफी हर्ष का विषय है कि हाल के दिनों में पर्याप्त संख्या में देश की श्रेष्ठ कंपनियां यहां प्लेसमेंट के लिए विद्यार्थियों का चयन कर रही है। उन्होंने इस संबंध में जल्द ही विवि के द्वारा रोजगार मेला के आयोजन की बात कही। इस अवसर पर विवि की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह भी मौजूद रहीं और उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। यह प्लेसमेंट ड्राइव विवि के प्लेसमेंट अधिकारी अंकित कुमार तिवारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### एनआइएएमटी में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनी

रांची (आजाद सिपाही)। एनआइएएमटी में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के डायरेक्टर पीपी चट्टोपाध्याय रामकृष्ण मिशन आश्रम के डॉक्टर संतोष पृष्टि, आइआइटी खड़गपुर के डॉक्टर मनोज मंडल ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के डायरेक्टर पीपी चट्टोपाध्याय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हमें आत्मविश्वास एवं समर्पित होकर राष्ट्र को और सशक्त बनाने हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद अर्थहीन आध्यात्मिक चर्चाओं और तर्कों की निंदा करते थे, विशेष रूप से उच्च जातियों के छुआछूत वाले विचार की। वह बार-बार स्वतंत्रता और समानता की आवश्यकता पर जोर देते थे। वो कहते थे, 'विचार और कर्म की स्वतंत्रता ही जीवन, विकास और कल्याण की एकमात्र शर्त है. भारत की एकमात्र आशा जनता से है। यहां का उच्च वर्ग शारीरिक और नैतिक रूप से मृत हैं।

### श्रीराम भरत मिलाप समिति 11 हजार दीप का करेगी वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के डोरंडा स्थित कार्यालय में श्री राम भरत मिलाप समिति सदस्यों की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के उद्घाटन को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में अपने-अपने क्षेत्र के मंदिर को सजाने में अपना योगदान देने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में अंकित हो, ऐसा सुनहरा दिन है और श्रीराम भरत मिलाप समिति की स्थापना 1971 में हुई थी और पिछले 50 दशकों से समिति के सदस्य श्रीराम जन्मभूमि के कार्यों में निरंतर लगे रहे हैं। यह समिति के लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि श्रीराम भरत मिलाप समिति ने निर्णय लिया है कि 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए 11000 दीपों का वितरण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जायेगा। साथ ही साथ समिति के सहयोगी संस्थाओं की ओर से ध्वज उपलब्ध कराया जा रहा है। उसे भी घर-घर वितरण करने में समिति के सदस्य अपना सहयोग करेंगे। 22 जनवरी को अपने-अपने क्षेत्र में उत्सव मनाने में अपना योगदान देंगे। बैठक में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक सरदार अशोक सिंह, महामंत्री अमित गुप्ता, नम्रता सोनी, कोषाध्यक्ष कुमुद पांडेय, शैलेश सिंह, सुनील विजय, प्रकाश वर्मन, कुंदन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### एक शाम युवाओं के नाम का आयोजन

# हनुमान चालीसा एक मंत्र है: पं. विजय शंकर मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वामी विवेकानंदजी की जयंती और श्री हनुमान जी की कृपा से श्री हनुमान सेवा संस्थान, रांची द्वारा शुक्रवार को एक शाम युवाओं के नाम का आयोजन रांची के हरमू मैदान में हुआ। हरमू मैदान में शाम को एक शाम युवाओं के नाम में पंडित विजय शंकर मेहता जी द्वारा श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया गया।

उन्होंने कहा, परम पिता की बहुत असीम अनुकंपा है कि स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती के अवसर पर हनुमान जी का पाठ करते हुए कहा आज हम मातृ शक्ति पर चर्चा करेंगे। उन्होंने मां कौशल्या की भी चर्चा की। अयोध्या में श्री राम के आगमन पर भी चर्चा की। लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ का लाभ उठाया



इस अवसर पर पंडित विजय शंकर ने हनुमान जी के विचारों की चर्चा करते हुए कहा कि विवेकानंद जी कहते हैं कि कोई भी सफलता बिना संघर्ष के नहीं मिल सकती। जीवन में जब भी चुनौतियों का सामना करना पड़े हमेशा मुस्कराकर करें। उन्होंने कहा प्रत्येक वर्ष हम लोग विवेकानंद जी और हनुमान जी को जोड़कर व्याख्यान करते हैं। उन्होंने कहा, हनुमान चालीसा एक मंत्र है। बहुत सारे लोग हैं जिन्होंने परिश्रम से धन कमाया और समाज और राष्ट्र के योगदान में खर्च किया। विवेकानंद जी कहते हैं हनुमान जी से सीखो जहां भी रहो सही रहो हनुमान जी की सेवा से जुड़े रहो। विवेकानंद जी से प्रेरणा लें क्योंकि उन्होंने कहा आपकी कितनी भी निंदा हो अपने लक्ष्य से आप ना भटकें। इस अवसर पर मंचासीन विजय शंकर मेहता को श्री हनुमान सेवा संस्थान रांची के अध्यक्ष राकेश भास्कर ने माल्यार्पण और अंग वस्त्र से अभिनंदन और स्वागत किया। वहीं संस्था के अध्यक्ष श्री हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश भास्कर ने आये हुए सभी लोगों का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि 13 साल से यह कार्यक्रम होता आया है। आगे भी यह होता रहेगा। इस अवसर पर महाराज श्री से सांसद समीर उरांव, सांसद संजय सेठ, राकेश भास्कर, धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत, इंद्रजीत यादव, अरुण झा, सुरेश सिंह, राज किशोर सिंह, विमलेश सिंह, गोपाल, नवीन झा, केके, अजय, रामचंद्र, अरुण सिंह सहित काफी लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके उद्बोधन का लाभ उठाया।

## सरला बिरला स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम की धूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद और बसंत कुमार बिरला की जयंती मनायी गयी। उठो! जागो! और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये। स्वामी विवेकानंद के उपरोक्त शब्दों पर अमल करते हुए सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती, 12 जनवरी को 'मैं भी विवेकानंद' विषय पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। एक विशेष सभा आयोजित की गयी, जिसमें छात्रों ने युवाओं में राष्ट्र निर्माण और देशभक्ति की चिंगारी जगाने के लिए इन आदर्श व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने उनके शिकागो भाषण, उनके नारे और जीवन की घटना पर एक छोटा अभिनय किया। कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र इस मौके पर केसरिया पगड़ी पहनी। छात्रों ने विवेकानंद सरोवर जाकर स्वामीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। छात्रों ने अग्रणी, संरक्षक और संस्थापक बसंत कुमार बिरला की जयंती भी मनायी। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बसंत कुमार बिरला के योगदान से अवगत कराया गया। सभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी और सभी विद्यार्थियों को बसंत कुमार बिरला के जीवन इतिहास पर एक पीपीटी दिखायी गयी। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने ऐसे विशेष आयोजनों के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी



**रांची।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के एनएसएस यूनिट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन एकेडमिक ब्लॉक में किया गया। इस अवसर पर स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो गोपाल पाठक और विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने स्वामी के बताये रास्तों पर चलने का आह्वान किया। कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने भारतीय समाज के विषय में स्वामी जी के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एनएसएस कार्यक्रम संयोजक डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने स्वामी जी के विचारों के मूल मंत्र 'स्वय' और 'ईश्वर' पर विश्वास की चर्चा की। इस अवसर पर विवि के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने किया निरीक्षण

**दीघवारा-हाजीपुर स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा दीघाब्रिज हाल्ट-छपरा ग्रामीण तथा छपरा ग्रामीण-हाजीपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने छपरा ग्रामीण, दीघवारा और हाजीपुर स्टेशनों पर साफ-सफाई सहित उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया और विकास कार्यों का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दीघवारा और हाजीपुर स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का जायजा भी लिया।



महाप्रबंधक ने आज सर्वप्रथम दीघाब्रिज हाल्ट-छपरा ग्रामीण रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग द्वारा निरीक्षण किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव और मंडल रेलवे प्रबंधक, सोनपुर विवेक भूषण सूद के साथ छपरा ग्रामीण रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक श्री खंडेलवाल ने छपरा ग्रामीण स्टेशन की परिचालनिक व्यवस्था, स्टेशन पैनल, रनिंग लाइन एवं साइडिंग लाइनों का व्यापक निरीक्षण किया और गाड़ियों के सुगम परिचालन हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने सोनपुर मंडल और वाराणसी मंडल के अधिकारीयों को सामंजस्य बनाकर गोल्डेनगंज, छपरा ग्रामीण के मध्य गाड़ियों के आदान/प्रदान में लगने वाले अतिरिक्त समय को कम करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक द्वारा छपरा ग्रामीण-हाजीपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग के दौरान दीघवारा स्टेशन पर पैनल रूम, प्लेटफॉर्म और सकुर्लेटिंग एरिया आदि का विस्तृत निरीक्षण कर साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने गोल्डेनगंज और बड़ागोपाल स्टेशनों के मध्य किमी 308/22-24 पर कार्यरत गैंग सं. 33 के सदस्यों से संरक्षा उपकरणों, ट्रैक अनुरक्षण करने एवं आपातकालीन स्थितियों में संरक्षा उपायों के संबंध में पूछताछ की और उनके संरक्षा ज्ञान पर संतोष व्यक्त किया तथा उनका उत्साहवर्द्धन किया। निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हाजीपुर स्टेशन के पुनर्विकास हेतु चल रहे कार्यों के प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण में सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित सोनपुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीट शेयरिंग को लेकर जेएमएम नेता दिल्ली गये

रांची (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए इंडी गठबंधन सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर काम करना शुरू कर दिया है। जेएमएम ने इसे लेकर अपना पहला कदम उठाया है। जेएमएम का चार सदस्यीय डेलीगेशन दिल्ली रवाना हो रहा है। दिल्ली जानेवालों में मंत्री चंपई सोरेन, विधायक सुदिव्य सोनू, केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य और महासचिव सह समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडेय शामिल हैं।

### भाजपा कार्यालय में आज मीडिया कार्यशाला

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी। बताया कि कार्यशाला में प्रदेश की मीडिया टीम, प्रवक्तागण के साथ जिला मीडिया प्रभारी सभी मोर्चों के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता भाग लेंगे।

### विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत: अशोक सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीराम भरत मिलाप समिति की ओर से शुक्रवार को विवेकानंद जयंती के अवसर पर समिति के सदस्यों की ओर से मेकॉन गेट स्थित विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर समिति के संरक्षक सरदार अशोक सिंह ने कहा कि विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। युवा उनके पद चिह्नों पर चलकर अपना भविष्य तय कर सकते हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा, संरक्षक सरदार अशोक सिंह, शैलेश सिंह साहित अन्य उपस्थित थे।

### इलूविया प्रोफेशनल हेयर प्रोडक्ट का सेमिनार



रांची (आजाद सिपाही)। इलूविया प्रोफेशनल हेयर प्रोडक्ट कंपनी के द्वारा शुक्रवार को रांची के निजी होटल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में इलूविया के द्वारा बालों के रख रखाव और इसके प्रोड्क्ट की जानकारी दी गयी। इस बारे में इलूविया के मैनेजिंग डॉयरेक्टर प्रशांत गुप्ता ने बताया कि आज के समय में बालों में तरह-तरह की समस्यायें हो रही है। इसका प्रमुख कारण खारा पानी और अलग अलग जगहों के आर्सेनिक युक्त पानी के कारण बहुत ही समस्याएं हो रही हैं। इसके लिए इलूविय ने खास तरह का प्रोडक्ट लांच किया है। इसका नाम डी टॉक्स एंड हार्ड वाटर शैंपू है। बालों को किस तरह से प्रदूषण और अन्य समस्याओं से निजात पायी जाये। इस सेमिनार में बिहार, झारखंड और ओड़िशा के मैनेजर रौशन सिंह ने कहा कि पहली बार भारतीय बाजार में एक भारतीय प्रोफेशनल प्रोडक्ट मार्केट में आया है। अभी तक जितने भी सैलून या पार्लर में प्रोडक्ट उपयोग किया जाता था वो सब इंटरनेशनल होते थे। ये पहली बार है जब इंडियन ब्रांड के साथ बहुत ही अच्छे प्रोडक्ट मार्केट में आये हैं। इसका बेहतर रिजल्ट दिख रहा है। झारखंड मैनेजर प्रत्युष शशांक पाठक ने कहा कि इलूविया का प्रोडक्ट मार्केट में बहुत ही तेजी से ग्रो कर रहा है, और आने वाले समय में ये इंटरनेशनल मार्केट में अपनी छाप छोड़ेगा। इस सेमिनार में अबोध कुमार, पूनम सिंह, आराधना, पंकज सिंह, विवेक दीप पाठक, राजकुमार, दीनदयाल बर्नवाल मौजूद थे।

### दिव्यम फाउंडेशन ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी

रांची (आजाद सिपाही)। दिव्यम फाउंडेशन ने शुक्रवार को मेकन चौक स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीपोत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान दिव्यम फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्णा मिश्र ने कहा कि आज के वर्तमान युवा पीढ़ी को अपने विचारो से ओत प्रोत होकर अपने विचारों को हासिल करना चाहिए। इस अवसर पर नीतीश सिंह, नितीश मिश्रा, निशांत चौहान, कुशाग्र सिंह, सोहन यादव, आदित्य मिश्रा, सोहन यादव, अतिथि स्वरूप प्रांत विभाग संयोजक बजरंग दल विहिप के प्रिंस अजमानी, भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ सीमा सिंह, श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, अटल पांडेय, आशुतोष सिंह, अभाविप के मोनू शुक्ला, विशाल सिंह, समाजसेवी मुनचुन राय, आलोक साहू, सुबोध सिंह, जितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रांची महानगर के दीपक पांडेय, सौरभ बॉस, गुड्डू सिंह, अनिकेत, अजय गुप्ता, अजय, आनंद भगत, गोलू सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर त्रिवेणीपुरम का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 को



रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ के पास त्रिवेणीपुरम स्थित श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। मंदिर में भगवान शंकर सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। इसके लिए श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर त्रिवेणीपुरम परिसर में 20 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने बताया त्रिवेणीपुरम सोसाइटी में श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और महायज्ञ 20 से 22 जनवरी तक चलेगा। इसके तहत 20 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकालकर कलश जलभरी कार्यक्रम होगा, जिसमें सोसाइटी की महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी। इसके बाद तीनों दिन पूजन, अनुष्ठान, कथा-प्रवचन, महायज्ञ, सामूहिक महाआरती, जागरण और भंडारा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर में मुख्य रूप ओंकारेश्वर शिवलिंग व नंदी भगवान स्थापित होंगे। इनके अलावा श्रीगणेश, श्रीकार्तिकेय, मां पार्वती, राम दरबार, मां दुर्गा, शीतला माता, राधाकृष्ण, सूर्यदेव, पंचमुखी हनुमान की प्रतिमाएं भी स्थापित होंगी। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद से दिन के 2 बजे से भव्य भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें शहर के सारे भक्तजन आमंत्रित रहेंगे। 22 जनवरी को ही शाम सात बजे सामूहिक दीप आरती होगी और इसके बाद रात 11 बजे तक भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा। इसकी आयोजन समिति में अध्यक्ष कमलेश तिवारी, उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव नरेंद्र सिंह, उपसचिव अमित सिंह, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, मुख्य संरक्षक आभाष कुमार, सदस्य सुमित सिंह, अभय सिंह, अंकित पांडेय, मनोज दुबे, राजेश सिंह, विजय कुशवाहा, सुमन श्रीवास्तव, महेश तिवारी, संजय सिंह, सिंटू कुमार, ब्रजेश कुमार, संजय साहा, राजीव दुबे, मुरली, मीडिया प्रभारी शैलेंद्र वर्मा शामिल हैं। सभी पदाधिकारी व सदस्य तैयारी में जोर-शोर से जुटे हुए हैं।

## उत्साह और उमंग से लबरेज रहा युवा महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विवि के तीन दिवसीय पीजी युवा महोत्सव कल्पतरू छात्रों की यादगार प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कल्पतरू का समापन समारोह आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न इवेंट्स के विजयी छात्र प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस युवा महोत्सव में नृत्य, संगीत, शास्त्रीय संगीत, पेंटिंग, फोटोग्राफी, कार्टून, मिमिक्री, डिबेट, पोस्टर मेकिंग, काव्यपाठ, क्विज, माइम, क्ले मॉडलिंग जैसे इवेंट हुए। इसमें आरयू के सैकड़ों छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। कुलपति रांची विवि प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा



संग सभी वरीय पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में हमनें अपने छात्रों में एक से एक प्रतिभा को देखा है। उन्होंने कहा कि जैसी उम्मीद की थी उससे भी ज्यादा प्रतिभा छात्रों में है। डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने प्रतिभागियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए छात्रों और कमेटी के सभी सदस्यों की सराहना की। पीएफए आरयू विभाग के मनीष और उनके छात्रों ने राष्ट्रगान और कुलगीत की बहुत ही मधुर प्रस्तुति दी। पीएफए प्रिया ने बेहतरीन शिव स्तुति और कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। कुलपति ने मेडल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम संचालन डॉ समीरा सिन्हा ने किया। इस अवसर पर सीडीसीसी डॉ पीके झा, डीएसडबल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, प्रोक्टर सह निदेशक सीवीएस डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा, डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, मास कॉम के निदेशक प्रो (डॉ) बीपी सिन्हा, ब्रजेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## गलत आंकड़े देकर दिग्भ्रमित कर रही सरकार : नीरा यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कहा कि पत्रकारों से बातचीत में शुक्रवार को हेमंत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने हेमंत सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में फिसड्डी सरकार घोषित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने सबसे ज्यादा युवाओं को ठगने का कार्य किया है। हेमंत सरकार ने रघुवर सरकार के कार्यकाल की योजनाओं को ठप कर शिक्षा के कार्यों को रोकने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पोशाक और स्कूल के रंग बदलने से शिक्षा में बदलाव नहीं होता है। हेमंत सरकार ने शिक्षा को लेकर बड़े बड़े दावे किये, किंतु सब हवा-हवाई निकले। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के शिक्षा विरोधी नीति के कारण प्रदेश के युवा पलायन करने को मजबूर हैं।

कहा कि नौ माह की अवधि में बजट का खर्च काफी नीचे रहा है। उच्च तकनीकी शिक्षा के 1092 करोड़ का कुल बजट में मात्र 23.12 प्रतिशत व्यय हुआ है, जबकि स्कूली शिक्षा में भी स्थिति बदतर है। 6387 करोड़ के बजट में मात्र 58.14 प्रतिशत ही खर्च हुआ है। हाइस्कूलों में 10 हजार शिक्षकों के पद की रिक्तियां हैं।

## कार्यक्रम : कर्रा में विधायक ने रखी सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला

# अच्छी सड़कों से रोजगार सृजन और क्षेत्र का विकास होता है : नीलकंठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि अच्छी सड़कों से रोजगार का सृजन होता है और क्षेत्र का विकास होता है। सही मायने में अच्छी सड़कें ही विकास की रीढ़ हैं। जिन क्षेत्रों में अच्छी सड़कें होती हैं, उस क्षेत्र को विकास होना तय है। विधायक शुक्रवार कों कर्रा के कुदलूम गांव में लगभग सात करोड़ की लागत से कुदलूम से इठे-सेमरटोली तक बनने वाल 5.7 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की आधाशिला रखने के बाद उपस्थित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। विधायक नें कहा, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जितनी सड़कें खूंटी विधानसभा क्षेत्र में बनी हैं, उतनी किसी भी क्षेत्र नहीं बनी। उन्होंने कहा कि अब लोगों को खेंजना पड़ता है कि किस गांव या टोला में पक्की सड़क नहीं बनी है। विधायक नें कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि योजना की अनुशंसा और स्वीकृति के बाद भी सड़कें नहीं बनती है और इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार को विकास से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी सड़क के निर्माण के लिए एक साल पहले टेंडर हुआ था। एक बार नहीं, दो-दो बार टेंडर कों रद्द कर दिया गया। सचिव से बात करने के बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। विधायक ने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र में और 60 सड़कों कें निर्माण की स्वीकृति हुई है। उन्होंने कहा कि यह जनता का प्यार है ही है कि वे लगातार पांच बार से खूंटी विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। नीलकंठ सिंह मुडा ने कहा कि इसी वर्ष चुनाव होनें वाले हैं। चुनाव में आप यह देखें कि कौन विकास का काम करता है और हमारे सुख-दुःख में साथ रहता है, उसे समर्थन दें। उन्होंने कहा कि बिजली, सड़क की समस्या का हर संभव समाधान करने काम किया। हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए विधायक ने कहा कि बालू की कमी के कारण विकास के काम ठप हैं। बालू में में लूट हो रही है, पर सरकार का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है। यह सरकार, कम से कम ट्रैक्टर से बालू के उठाव कुछ रियायत दे, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। इससे विकास कार्य के साथ ही लोगों को अपना घर बनाने में परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा कि जब वे राज्य कें ग्रामीण विकास मंत्री थे, तो उन्होने जोहार योजना शुरू की थी। जलछाजन योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की गयी थी। इन योजनाओं पर राज्य सरकार ग्रहण लगाने काम कर रही है। विधायक ने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र में एक हजार से अधिक तालाबोंकी खुदाई हुई है। उन्होंने कहा कि महीने में बीस दिन तो मैं खूंटी में रहता हूं। लतरातू नहर की टूटी पुल को विधानसभा में उठाया, तब मरम्मत कार्य की प्रक्रिया शुरू हुई। **सभा में उमड़ी भीड़ ने दिखाई नीलकंठ की लोकप्रियता :** एक छोटी सी सड़क का शिलान्यास वैसे तो कोई बहुत बड़ा कार्यक्रम नहीं था, पर कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने इसे समारोह में तब्दील कर दिया और इस जन सैलाब ने विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा की लोकप्रियता को भी साबित कर दिया। भारी भीड़ कों देख विधायक ने खुद कहा कि सोनमेर मेला के बाद लगता है है आज ही सबसे अधिक भीड़ इस क्षेत्र में उमड़ी है। स्थानीय लोगों ने भी कहा कि विधायक हर दुःख-सुख में उनके साथ हैं। यही कारण है कि वे लगातार पांच बार से विधायक बनते आ रहे हैं। भाजपा के छोटे से कार्यकर्ता ने कहा कि नीलकंठ में कुछ तो खास है कि दिन बीतने के साथ ही उनकी लोकप्रियता भी बढ़ती ही जा रही है।





### योजनाओं की जानाकारी सभी को होनी चाहिए : मसीह गुड़िया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खूंटी जिला परिषद के अध्यख मसीह गुड़िया ने कहा कि आम लोगों के विकास के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग उसका लाभ नहीं ले पाते। उन्होंने कहा कि सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाया गया है। सभी पंचायत प्रतिनिणि विकास के प्रति संवेदनशिल बनें, तभी गांवों का विकास होगा। कार्यक्रम को जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रखंड भाजपा अध्यक्ष बाल किशुन महतो संदीप हेरेंज, घूरन महतो, डहरू पाहन, विनोद प्रसाद सोनी, जितन तिर्की, अहलाद मुंडा, सुखू प्रधान, राजेंद्र केशरी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर द्वारिका प्रसाद, अर्जुन पहान, रूपेश जायसवाल, सुरेश जायसवाल, परमानंद कश्यप, विनोद नाग, कृपा सिंधु बेहरा, जनार्दन मिश्रा, राजेश नाग, कैलाश राम महतो, नारायण साहू, मुखिया संदीप हेरेंज, नगेन्द्र सिंह, किशोर साहू, अमित साहू, तेम्बा उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामभक्तों ने पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र बांटा



पिपरवार। अयोध्या से लाए गये पुजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र का रामभक्तों के द्वारा उत्साह पूर्वक पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे बांटा जा रहा है। पिपरवार क्षेत्र के बेती पंचायत में पूजित अक्षत कलश के साथ संपूर्ण पंचायत का भ्रमण कर अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर निर्माण का प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन को लेकर निमत्रंण बांटा। विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुजित अक्षत कलश और राम मंदिर के भव्य चित्रों के साथ बेती पंचायत के सभी सनातनियो के घरों में रामभक्तो ने आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर पंचायत के सभी मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना कर अक्षत और निमंत्रण पत्र प्रत्येक सनातनियो के घरों में वितरण किया। आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर उद्घाटन के दिन घर-घर दीपक जलाने एवं क्षेत्र के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन करने का सभी सनातनियों से आह्वान किया।

## छात्रों के लिए विधायक ने की स्टूडेंट एक्सप्रेस की शुरुआत

# छात्रों के अरमानों को अब लगेंगे पंख : सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राहे।** छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा स्टूडेंट्स एक्सप्रेस का विधिवत उद्घाटन विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। राहे प्रखंड के गोमदा चौक में आयोजित उद्घाटन समारोह में विधायक सुदेश महतो ने कहा कि पढ़ेगा सिल्ली, बढेगा सिल्ली के लक्ष्य को लेकर गांव के गरीब बच्चे जो उच्च शिक्षा लेने की तमन्ना रखते हैं, उनके लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट रांची शहर में स्थित कॉलेजों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आसानी से अब जा सकते हैं। इस निःशुल्क बस सेवा का लाभ किसी भी वर्ग के बच्चे ले सकेंगे। सेवा का लाभ लेने के लिए बच्चों को एक आइडी कार्ड दिया गया है। राहे प्रखंड के बच्चे इसका लाभ ले सकेंगे। प्रखंड से एक बस चलेंगी, जो इचाहातू, बी नावाडीह, बुरुडीह, कोटांगदाग, डोमनडीह, गोमदा चौक, सुभाष चौक राहे, नावागांव चौक, कटियाडीह, चंदनडीह चौक होते हुए निर्धारित समय पर बुंडू ओर रांची जायेगी। सीएनजी बस में जीपीएस सिस्टम, वाइफाइ, सीसीटीवी, एलसीडी लगा है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक सीट पर हेल्प बटन लगाये गये हैं। छात्राओं की सुरक्षा के लिए महिला सुरक्षाकर्मी की मौजूदगी होगी। आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट जिनकी उच्च शिक्षा में आर्थिक स्थिति अड़चन बनती थी, अब ऐसी समस्या उच्च शिक्षा में बाधा नहीं बन पायेगी। स्टूडेंट्स एक्सप्रेस गरीब बच्चों के लिये वरदान साबित होगा। उसके अलावे छात्र छात्राओं के लिये निशुल्क कोचिंग,स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी आदि की व्यवस्था दिया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच बस पास का वितरण किया गया। इसके पहले ही सोनाहातू प्रखंड से एक बस छात्रों को सेवा दे रहा है। युवा दिवस के अवसर पर आज से ओर एक बस चलेगी,अब सोनाहातू से दो बस चलेगी ओर राहे से एक बस चलेगी। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ सुनील सिंह,रंगबहादुर महतो, म्युक भूषण महतो, सुधीर यादव, दीपक हरिजन, जगन्नाथ मुखर्जी, प्रमोद सिंह, मनोरंजन भोक्ता, हलधर पांडे, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।





### परिजन घर से ही बच्चों पर रख सकेंगे नजर

स्टूडेंट एक्सप्रेस बस में जिसमें सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से कनेक्ट है, इसके जरिये परिजन अपने-अपने बच्चों पर नजर रख सकेंगे। इस सुविधा से परिजन अपने बच्चों को लेकर चिंता मुक्त रहेंगे कि उनके बच्चे किस स्थिति में हैं। साथ ही बच्चों को बस में चढ़ने के लिए हर बार कार्ड पंच करना होगा। इससे पता चलेगा कि बच्चा कितनी बार बस से उतरा और चढ़ा है।

## दो सड़कों का किया शिलान्यास : तमाड़ विस क्षेत्र में सड़कों को जाल बिछेगा : विधायक



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव और पंचायत की सड़कों को मुख्य सड़क तक जोड़ा जायेगा। उक्त बातें तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने उलीडीह पंचायत की दो सड़कों के शिलान्यास के मौके पर कहीं। कोकाडीह आरइओ पथ से रूगड़ी हाइस्कूल तक 2.55 किलोमीटर सड़क 2 करोड़ 30 लाख से निर्माण और एनएच 33 उलीडीह से भाया लोड़्रा तक 3.300 किलोमीटर 2 करोड़ 43 लाख से पथ का शिलान्यास शुक्रवार को किया। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दूंगा। लोगों को प्रखंड मुख्यालय-अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, मनोज मंडल, तमाड़ जिप सदस्य भवानी मुंडा, अश्विनी महतो, सुखलाल मुंडा, राधाकृष्ण मुंडा, पुष्वा महतो, राधागोविंद मुंडा, प्रधान सिंह मुंडा, राहुल सिंह मुंडा, गंगाधर मुंडा, पंचानन मुंडा, ललित मुंडा आदि उपस्थित थे।

## 16 को जेएमएस कंपनी का काम बंद करायेगा रैयत विस्थापित मोर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा तथा प्रबंधन एवं जेएमएस कंपनी के साथ त्रिपक्षीय बैठक। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक ऑपरेशन के-के झा ने किया। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा जेएमएस कंपनी में रैयत विस्थापितो को रोजगार देने की मांग को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में मोर्चा ने कहा कि जेएमएस कंपनी में स्थानीय रैयत विस्थापितो को रोजगार मिलना चाहिए लेकिन कंपनी के द्वारा कोई पहल नही किया जा रहा है। कोई भी कंपनी चलता है तो रैयत विस्थापितो को यह उम्मीद जगता है कि रोजगार मिलेगा लेकिन रैयत विस्थापितो को कंपनी छलने का काम करती है। इसलिए हर हाल में रोजगार देना होगा। महाप्रबंधक ऑपरेशन ने कंपनी को कहा कि रैयत विस्थापितो को रोजगार में प्राथमिकता देनी होगी। जेएमएस कंपनी की ओर से कहा गया है कि आगे जैसे ही स्कोप बनेगा तो स्थानीय लोगों को रोजगार देने का काम किया जायेगा। जिस पर मोर्चा ने कड़ा विरोध किया।

# संडे ड्यूटी में कटौती के विरोध में रविवार को सामूहिक रेस्ट करेंगे मजदूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** रोहिणी परियोजना के कामगार संडे ड्यूटी में कटौती के विरोध में रविवार को सामूहिक रेस्ट करेंगे। इस संबंध में रोहिणी पीसीसी सदस्यों ने बताया कि एनके एरिया में एसीसी की बैठक रोहिणी परियोजना के कामगारों की संडे, पीएचडी एवम डेप्यूटेशन मुद्दे के लिए बुलाई गयी थी। इस मामले पर चर्चा को लेकर एरिया प्रबंधन, रोहिणी प्रबंधन एवम एसीसी की इस बैठक में की गयी। पहले से 162 रोहिणी कामगारों का डेप्यूटेशन में विभिन्न खदानों में पदस्थापित किया गया और 249 कामगार अभी भी रोहिणी में कार्यरत हैं। उनको कोई भी परियोजना अपने यहां नहीं लेना चाह रही हैं। इससे पूर्व केडीएच में सिटीओ के अभाव में एवम चूरी खदान में आग लगाने की वजह से कामगारों को रोहिणी परियोजना भेजा गया था, और रोहिणी परियोजना मे उन सभी कामगारों को मान सम्मान देते हुए सभी लाभ दिया। परंतु आज जब रोहिणी परियोजना में रोहिणी प्रबंधन के लापरवाही के कारण खदान बंद हो गयी तो कोई भी परियोजना अब नहीं रखना चाहता है और तो और एसीसी के सभी सदस्य रोहिणी परियोजना के कामगारों के लिए ठोस निर्णय नहीं लिए। पूरे एसीसी सदस्य, रोहिणी पीसीसी के जिम्मे छोड़ दिया गया। शुक्रवार को आनन-फानन में सभी पीसीसी सदस्यों को फोन के द्वारा पीसीसी की बैठक बुलाया गया और प्रबंधन के द्वारा अति आवश्यक कार्य का हवाला देते हुए, रोहिणी के कामगारों को रविवार ड्यूटि बांट कर देने का बात कही जाने लगे। उसी पर पीसीसी के सभी सदस्यों ने एक स्वर में प्रबंधन का विरोध किया एवं पूर्णरूप से रविवार को बंद का घोषणा करते हुए विरोध करते हुए बाहर निकाल गये। विरोध करने वाले पीसीसी सदस्यों में ध्वजा राम धोबी, प्रदीप, संजय प्रसाद, किशुन राम बेदिया, बिरन पासवान, अमित शामिल है।



# स्वामी विवेकानंद ने एहसास कराया हमारी संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है: अनिकेत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी द्वारा शुक्रवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गयी। बिरसा कॉलेज से निकाली गई शोभायात्रा में स्वामी विवेकानंद का प्रतीकात्मक रूप धारण किए युवा शामिल थे। शोभायात्रा में शामिल बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद के समर्थन में नारेबाजी करते चल रहे थे। शोभायात्रा समापन के बाद छात्र संवाद के कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के योगदान को याद किया गया। अनिकेत सचान ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश की सभ्यता एवं संस्कृति का लोहा विश्व भर में मनवाया। साथ ही उन्होंने हमें यह एहसास कराया कि हमारी संस्कृति श्रेष्ठ है। हमें पश्चिमी सभ्यता की अपेक्षा अपनी सभ्यता को जीवन में महत्व देने की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलते हुए देश के युवा भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। जो दो चरणों के माध्यम से संपन्न होगा। मौके पर अभाविप के जिला प्रमुख डॉ चंद्रकिशोर भगत, ज्योतिष भगत, राजकुमार गुप्ता, डॉ सीके चौधरी, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शीला कुमारी, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ संगीता, डॉ अल्पनी कुमारी, डॉ सुनील रंजन, कमलेश, सौरभ, पवन, प्रवीण, माया, सुमन, धर्मेंद्र, सोनू, अजय, रोशन, पायल सहित बड़ी संख्या में अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण खबरें

### किसान कॉलेज बुंडू में मनी विवेकानंद की जयंती

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने भाषण, रंगोली समेत कई प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मुकुल कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन ही भारत की सच्ची आत्मा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रभक्ति और सेवानिष्ठा और चरित्र निर्माण विषय पर व्यख्यान दिया। इस मौके पर प्रो भूतनाथ हजाम ने छात्र-छात्राओं को वर्तमान समाज में स्वामी विवेकानंद के विचारों की आवश्यकता विषय पर संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ विजय लक्ष्मी, डॉ अमरेश कुमार, डॉ दीपनारायण जयसवाल, डॉ रविकांत मेहता, प्रो सुरेश गुप्ता, प्रो रोहित कुमार, प्रो जिनिया नंदी, प्रो रोहित सांगा, डॉ तारकेश्वर कुमार, डॉ आराधना तिवारी समेत कई शिक्षक, कर्मचारी मौजूद थे।

### स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में जयंती मनी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बुंडू के 26वें स्थापना दिवस सह विवेकानंद जयंती शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ राजाराम महतो, एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो, प्रो डॉ राधा रमन साहू, प्रो लोहरा महतो, डॉ सुनील प्रमाणिक, विमल कुमार, अरविंद पूर्ण चंद्र कसेरा, देव कुमार महतो, संजीव कुमार, स्नेह लता देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक ने स्कूल को हर संभव मदद करने की बात कही। जैक सदस्य प्रो डॉ राधा रमन साहू ने कहा कि बुंडू जैसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए इस इंग्लिश स्कूल का होना बहुत बड़ी बात है। सभी छात्र-छात्राओं को खेलकूद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को विधायक और बुंडू एसडीओ के हाथों प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिक्षा के उत्कृष्ट सेवा के लिए रमेश सिंह मुंडा, शशि भूषण प्रमाणिक को उनके मरणोपरांत विवेकानंद रत्न से सम्मानित किया गया। डॉ राजाराम महतो, देव कुमार महतो, पंकज प्रमाणिक, डॉ राधा गोविंद प्रमाणिक, डॉ चंद्रमोहन प्रमाणिक, जयपाल महतो को विवेकानंद गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बंगाल के छऊ नृत्य टीमों के द्वारा छऊ नृत्य प्रदर्शन किया गया। स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्राचार्य सुबेंन्दु प्रमाणिक ने किया।

### राहे के दोकाद में मनाया गया युवा दिवस



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की दोकाद पंचायत के कोकरो नदी किनारे कांटाबेड़ा मैदान में गूंज परिवार के द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान खेलो सिल्ली अभियान का शुभारंभ किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर गुब्बारा उड़ाकर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि विवेकानंद जी भारत के वैभव को विश्व स्तर में स्थापित करने का काम किया था। ढांचा और सांचा का स्वरूप विश्व को दिया था। इन्होंने युवावस्था में जीवन का उद्देश्य का बोध कराया था, जो जीवन को सार्थक बनता है। इस दौरान खेलो सिल्ली के तहत फुटबॉल, कबड्डी, दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंचायत के सभी टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश महतो, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, प्रभारी संजय सिद्धार्थ, सुनील सिंह, शुकरा मुंडा, श्याम महतो, धनंजय सिंह मुंडा, दिनेश मुंडा, जितेंद्र बड़ाइक, रंगबहादुर महतो, राजकिशोर कुशवाहा, मीरा महतो, राजपति महतो, वीरेन महतो, मनोरंजन भोक्ता, प्रमोद सिंह सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चे ओर ग्रामीण मौजूद थे। स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### तमाड़ में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड प्रखंड की आमलेशा और डिंबुजर्दा पंचायत सहित कई पंचायतों में भारत सरकार का हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार प्रजापति के नेतृत्व में किये जा रहे हैं। आमलेशा पंचायत परिसर में बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यक्रमों को बताने के साथ ही योजना का लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, उसका लक्ष्य है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार मंत्र, युवा, किसान, नारी शक्ति और गरीब कल्याण की दिशा में सबका सामूहिक प्रयास हो, ये बताना है, ताकि 2047 तक भारत एक मजबूत, सशक्त और विकसित राष्ट्र बन सके। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार प्रजापति के साथ ही मनरेगा पदाधिकारी निशिकांत ठाकुर, जेएसएलपीएस के रामकृष्ण महतो, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, मुखिया हरिश्चंद्र मुंडा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो, संतोष साहू, समरेंद्र मुखर्जी, विवेक गुप्ता, राजकिशोर महतो सहित प्रखंड अंचल के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेविका के आकस्मिक निधन पर शोक

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर बाल विकास परियोजना सभागार में शुक्रवार को आंगनवाड़ी सेविका रुनूवाला मिश्रा, उम्र 43 वर्ष का आकस्मिक निधन बुधवार को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में हुआ। रुनूवाला मिश्रा आंगनवाड़ी केंद्र गुदड़ी ओर बड़ा आमड़ा की प्रभारी सेविका थीं। वहीं शोक सभा में दो मिनट का मौन रख कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। मौके पर बीडीओ कीकू महतो, सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ दीपक प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री, जया पांडेय सहित सैकड़ों सेविका उपस्थित थे।

### जंमस के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में भर्ती

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व जेसीएससी सदस्य हरिशंकर सिंह की तबियत बिगड़ने के बाद उसे रांची रिम्स के ट्रामा सेन्टर मे भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना पाकर शुक्रवार को युनियन के सीसीएल अध्यक्ष सह जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह और सीसीएल सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह रिम्स जाकर उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान दोनों नेताओं ने उनके स्वास्थ्य संबंधी बातों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर उनके साथ गोल्डन यादव, विकाश कुमार, नंदलाल नोनिया सहित पिपरवार और खलारी के कई कार्यकर्ता मौजुद थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गयी स्वामी विवेकानंदजी की जयंती




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बनो और बनाओ मंच के बैनर तले स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती शुक्रवार को नामकुम सदाबहार चौक स्थित प्रधान कार्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के संस्थापक रामाधार सिंह, संचालन समाजसेवी डॉ अंजेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन सचिव अखिलेश यादव ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा नेता सह जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं, रामाधार सिंह और अखिलेश यादव ने संयुक्त रुप से कहा कि 12 जनवरी मानव जाति के लिये सौभाग्य का दिन है। ऐसे महानायक का जन्म युग परिर्वतन का संकेत है। इस मौके पर स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया एवं सैकड़ों जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल और खिचड़ी का वितरण किया। मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, भाजपा नेता सह सिमडेगा प्रभारी मुन्ना बड़ाइक, आजसू जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, आजसू नेता संजीव उर्फ छोटू सिंह, मिस ब्यूटी क्वीन इंडिया इंद्राणी राय के अलावा अनंत नारायण, संजय कुमार, नवीन बड़ाइक, मनोज गोप, अनिल यादव, राम किशुन महतो, शैलेंद्र ठाकुर, अशोक यादव, अरुण यादव, नीरज कुमार, अलीशा तिर्की आदि थे।

## अभाविप ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अभाविप की बेड़ो इकाई की ओर से करमचंद भगत महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। अतिथियों ने सयुंक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं, डॉ डेलो माई हांसदा ने कहा कि आज के समय में हर युवा को स्वामी विवेकानंद जी को समझने एवं उनको अनुसरण करने की आवश्यता है। संदीप राज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श मूल्यों व ज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चित्रांकन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम कुमार महतो व धन्यवाद ज्ञापन शिवेंद्र सौरभ ने किया। मौके पर आकाश कुमार रक्षित, विक्रम महतो, रोहन सेठ, योगेश कुमार, दिवाकर महतो, जितेश कुमार, सतीश कुमार, लक्ष्मण कुमार, हेमंत कुमार, गौतम कुमार, चंद्रप्रकाश कुमार, पवन राणा, छात्राओं में रुपाली ठाकुर, काजल आदि थीं।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपना कर परिसर की ओर चलें विद्यार्थी : राजीव रंजन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची ग्रामीण जिला के मांडर इकाई की ओर से मांडर महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को परिसर चलो अभियान के निमित्त छात्र सभा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य फयाज अहमद ने छात्रों को युवा दिवस की शुभकामना देते हुए परिसर चलो अभियान की सराहना की। वहीं, अन्य वक्ताओं ने कहा कि हम सभी को नई शिक्षा नीति को अपनाकर परिसर चलो अभियान को सार्थक करना है। वहीं, महाविद्यालय में युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें भाषण, चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। सभी प्रतियोगिता के रिजल्ट की घोषणा इंटर विभाग के निखिल सिंह ने किया। मंच संचालन जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद ने किया। मौके पर प्रो नाथू गाड़ी, पवन सर, बुधु उरांव, गंवा तिग्गा, केपी शाही, सीताराम पहान, राहुल ठाकुर, कुणाल, महावीर कुमार, विवेक सोनी, विवेक शील वैभव, तनु, नेहा, अनीशा, संजीव आदि उपस्थित थे।

## बाघवार अकादमी में विज्ञान प्रदर्शनी



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** अकादमी के प्रांगण में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार सहित अन्य शिक्षकों ने एक-एक कर सभी मॉडल का निरीक्षण किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के लगभग 150 बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी मॉडल के निरीक्षण करने के बाद विद्यालय के निदेशक ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। कहा कि इस विज्ञान प्रदर्शनी के सफलतापूर्वक आयोजन का सारा श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव ने किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गयी स्वामी विवेकानंदजी की जयंती

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड के नवागढ़, सुरसू, हेसातु एवं बरवादाग पंचायत के विवेकानंद सेवा संघों की ओर से शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस कड़ी में नवागढ़ पंचायत में ओबर, नवागढ़ खक्सीटोली, श्री श्री ज्ञान मंदिर रंगामाटी, हेसातु पंचायत के दुबला बेड़ा, सुरसू पंचायत के कुतुरलोवा, एवं बरवादाग पंचायत के सेताडीह गॉव में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। नवागढ़ पंचायत सचिवालय प्रागंण में मुखिया के नेतृत्व में एसटीआई हब प्रतिनिधियों के सहयोग से गेतलसुद समुह के विवेकानंद सेवा संघों ने सामुहिक रूप से युवा दिवस आयोजित किया।

### इटकी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

# विकसित व मजबूत भारत निर्माण में बनें भागीदार : सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय प्रांगण में शुक्रवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। उन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यकम की शुरूआत की। सांसद ने लोगों को विकसित और मजबूत भारत निर्माण के लिए आगे आने और भागीदार बनने का आह्वान किया। उन्होंने देश में केंद्र सरकारी द्वारा चलायी जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने की बात कही। वहीं, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने प्रखंड में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से आगंतुकों को शाथ दिलायी गयी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, मुखिया रीता देवी , राकेश भगत, वीपीओ संजय साहू, पंचायत सचिव रईस मलिक आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत।

## मेला हमारी सभ्यता-संस्कृति की पहचान : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देशभर में मनाए जा रहे युवा दिवस के मौके पर बोंगईबेड़ा पंचायत के गुंगानाला ठुठंगाजीरा में शुक्रवार को युवा दिवस मेला सह वन रक्षा बंधन सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश कच्छप के अलावा पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी, जेबीकेएसएस के केंद्रीय सदस्य फलिंद्र करमाली, जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो, मुखिया हिरदू उरांव, पंसस संज्योति देवी, कुरमी नेता रामपोदो महतो आदि मौजूद थे। इस दौरान स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। जबकि पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर जंगल बचाने का संदेश दिया। इस मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों लोग पहुंचे थे। इस अवसर पर इग्नेश कुमार, सरिता देवी, मजबुल महेशपूरी आदि नागपूरी कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं, विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेला हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान से जुड़ी है। यह हमारे विरासत की धरोहर है जिसे बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंनें पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थानीय वन सुरक्षा समिति व ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। पूरे कार्यक्रम का संचालन छोटेलाल महतो व धनीराम महतो ने किया। मौके पर हेमंत महतो, जगेश्वर महतो, घनेनाथ महतो, राजेंद्र महतो, सोहन करमाली, राजेंद्र मुण्डा, एतवा उरांव, कुलेश्वर मुण्डा, आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय मुण्डा, धनीराम महतो, छोटेलाल महतो, संज्योति देवी, जगेश्वर महतो, मुकेश महतो, कपिल महतो, श्रवण कु महतो, धर्मा महतो, सोनालाल भोगता, अमित महतो, अजीत महतो, अजीत करमाली आदि मौजूद थे।



## झारखंड आंदोलनकारी स्व. करमू महतो के नाम पर हुआ टाटीसिलवे बैंक मोड़ का नामकरण

### शिक्षण संस्थानों में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

### लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो। स्वामी विवेकानंद के अनमोल विचार हमेशा से युवाओं को जीवन में बेहतर करने और देश की प्रगति में योगदान देने के लिये प्रेरित करते रहे है। शुक्रवार को नामकुम क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनायी गयी। झारखंड गवर्नमेंट टूल रुम टाटीसिलवे में प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश कर व रैली निकालकर, कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, वाईबीएन विश्वविद्यालय में एनएसएस समिति द्वारा लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम का आयोजन कर, स्वामी विवेकानंद स्मृति मंच द्वारा विवेकानंद क्रीड़ा मैदान में स्थापित स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं टाटीसिलवे में खिजरी विधायक राजेश कच्छप की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनायी गई। इस अवसर पर टाटीसिलवे बैंक मोड़ का नाम झारखंड आंदोलनकारी स्व करमू महतो के नाम पर किए जाने की घोषणा की गयी। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि टाटीसिलवे के लोगों का टाटीसिलवे बैंक मोड़ का नाम झारखंड आंदोलनकारी स्व करमू महतो के नाम पर करने की वर्षों पुरानी मांग थी। जिसे आज पुरा किया गया। इस मौके पर टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान, सिलवे मुखिया नूतन पाहन, अशोक मिश्रा, समाजसेवी मुकेश कुमार महतो, किष्टो कुजूर आदि लोग मौजूद थे।



### डीएवी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

# अच्छी शिक्षा व संस्कार ही जीवन को देते हैं नया रूप: गंगोत्री कुजूर







आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्कूल का 8वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। स्कूल के संस्थापक विष्णु महतो व निदेशक कैलाश कुमार ने कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शामिल हुई गंगोत्री कुजूर ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कार ही जीवन को नया रूप देते है। बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। मुझे लगता है कि इन सब गुणों में यह स्कूल सबसे बढ़िया है। जिस तरह स्कूल के छात्रों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं। वहीं, सन्नी टोप्पो ने कहा कि बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी है जिससे अच्छे नागरिक का निर्माण हो सके। यह स्कूल शहरों की तरह बच्चों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दे रही है। लगातार आठ साल तक स्कूल के सफल संचालन के लिए निदेशक कैलाश कुमार को बधाई दी। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा परिवार हर वर्ष बड़ा हो रहा है। हमारी कोशिश ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाना है। बच्चों को शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो इसके लिए हम प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन संधली संविधा व आलोक कुमार ने किया। मौके पूर्व विधायक गंगा टाना भगत, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जसपुरिया बीएड कॉलेज में मनायी गयी स्वामी विवेकानंदजी की 161वीं जयंती



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा गेतलसूद में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जयंती सामारोहपूर्वक मनाई गई। मौके पर संस्था के चेयरमेन जैलेंद्र कुमार एवं अतिथि बनमाली महतो सहित अन्य ने स्वामी विवेकानंदजी २की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन राष्ट्र के ऐसे युवाओं को समर्पित है, जो भारत को बेहतर भविष्य देने की क्षमता रखते हैं। भारत को विकसित देश बनाने के लिए उनके बड़े प्रयासों केसाथ हीं युवाओं को ऊर्जा को जागृत करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा, प्राध्यापक संजीव कुमार, सरिता सिंह, विभा कुमारी, उषा मिंज, रंचन कुमारी, रीमा उपासना, शशि प्रभा, महफुज अंसारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुज किस्कू ने किया।

## जैलेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लुपूंग गांव निवासी अनिरूद्ध चौधरी की मा यशोदा देवी की मौत विगत दिनों हो गयी थी। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। शुक्रवार को जसपुरिया सेवा केंद्र के पंचायत प्रमुख विश्वनाथ महतो ने इसकी सूचना केंद्रीय प्रमुख जैलेंद्र कुमार को दी। सूचना पाकर जैलेंद्र कुमार ने मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री एवं नकद आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया। इस मौके पर रामकृष्ण चौधरी, वनमाली महतो, कामेश्वर महतो, विश्वनाथ महतो, सुनील चौधरी आदि उपस्थित थे।

## सोहोवती देवी स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में शुक्रवार को विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक डॉ अमर कुमार चैधरी एवं विशिष्ट अतिथि सचिव डॉ कुमूदकला मेहता एवं प्राचार्य एडवर्ड लुगून थे। मौके पर अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, आर्दश विचार एवं व्यक्तित्व के बारे में बताया। साथ ही इसे जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंनें स्वामी जी के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करने को कहा। इस अवसर पर कक्षा 5 की निक्की कुमारी, अमन चैधरी और कक्षा 4 के अतुल्य जायसवाल ने स्वामी विवेकांनद जी के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। संचालन शिक्षक संजय बैठा ने किया।

## लापुंग के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में मकर संक्रांति पर आज से 15 जनवरी तक मेला

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवगांव पंचायत स्थित प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में लगने वाले विशाल मेला की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। घघार मंदिर परिसर में अध्यक्ष गंगाधर साहू की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें मेले में लगने वाले विधि- व्यवस्था 72 घंटे का भंडारा, सुसज्जित रूप से दुकान को कैसे लगाया जाए, पुलिस की व्यवस्था आदि को लेकर चर्चा की गई। मौके पर गंगाधर साहू, सचिव देवेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, राजधानशेखर सिंह, राजकमल गोप, विनय पांडे, मनबोध सिंह, श्यामलाल सिंह, विजय महतो, संजय कुमार महतो, रामनारायण सिंह, विक्रम शेखर सिंह, राधेश्याम सिंह, वर्तमान सिंह, सुबे सिंह, सुनील उरांव, महावीर महतो, राजेश पाठक और तुलसीदास गोस्वामी आदि उपस्थित थे ।

## श्री मानस प्रचार मंडल की ओर से 150 लोगों के बीच हुआ कंबल का वितरण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड के धार्मिक एवं समाजिक संस्था श्री मानस प्रचार मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में गरीब व असहाय 150 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था के महामंत्री हेमंत केसरी ने कहा कि मानस व्यास सत्यानारायण जी के मार्गदर्शन में 1978 में नगडी में मानस प्रचार मंडल का गठन किया गया जिसमें श्रीरामचरितमानस का छठा अध्याय सुंदर कांड का पाठ हर शनिवार को धूमधाम से किया जाता है। समय-समय पर नगडी प्रखंड में समाजिक सेवा कार्य भई किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व धन्यवाद ज्ञापन कमलेश केसरी ने किया। कहा कि सुंदर कांड के प्रचार प्रसार के लिए कई कदम उठायेंगें। मौके पर तपेश्वर केसरी, सुरेश केसरी, अरविंद केशरी, रामानंद केसरी, अरूण प्रामाणिक, केशव कुमार भगत, रामप्रवेश राम, शभु चौधरी, राजेश केशरी, संजीव केशरी, अनंत कुमार पाठक, सुमित चौधरी, देवानंद चौधरी, राजकमल चौधरी, निशांत भगत, रघुनंदन केशरी, राकेश केशरी, शिबू सिंह आदि उपस्थित थे।

## टुसू पर्व के साथ आरटीसी कॉलेज में क्षेत्रीय और जनजाति भाषा की ओर से सेमिनार आयोजित

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आरटीसी कॉलेज के विवेकानंद सभागार में मकर संक्रांति एवं टुसू पर्व के साथ स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जयंती मनायी गयी इस दौरान आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर परमेश्वरी प्रसाद महतो कुरमाली विभाग अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद यूनिवर्सिटी उपस्थित थे। उन्होंने मकर संक्रांति और टुसू पर्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। चौडल के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने किया। मौके पर कॉलेज के निदेशक डॉक्टर पारसनाथ महतो, प्राचार्य डॉ भीम, प्रो रीता कुमारी, प्रो योगेंद्र ठाकुर, प्रो इकबाल अंसारी, रामनरेश पांडे, अनिल कुमार, प्रो मीनू कुमारी, सरोज कुमारी, कैलाश ठाकुर आदि उपस्थित है। कार्यक्रम का संयोजन सह संचालन कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर रामकुमार महतो ने किया ।

## दयानंद आर्य विद्या पब्लिक में मनी विवेकानंद की जयंती

**मांडर (आजाद सिपाही)।** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी चौक में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्लोगन, पेंटिंग और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

